तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जुलाई 2024



12 जामगांव आर थाने में दी गई नए कानूनों की जानकारी





11 बाढ़ व आपदा से बचाव के लिए रखें पूरी तैयारी






## खबर संक्षेप

### माली से मारपीट के आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर



**बालोद।** शहर के बूढ़ादेव गॉर्डन में माली को बेहोश होते तक मारपीट करने वाले आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। घायल माली ग्राम हीरापुर निवासी बलराम साहू का इलाज जारी है। माली के सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से सिर में खून का थक्का जमने की खबर भी सामने आई है। माली के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर बेखौफ होकर खुले में घूम रहे हैं। आरोपियों की समय रहते गिरफ्तारी नहीं होने से उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। तो वहीं ऐसे गम्भीर मामले में पुलिस की नाकामी की चर्चा जोरों पर है।

### भारतीय किसान संघ ब्लाक गुण्डरदेही की बैठक आज

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय किसान संघ ब्लाक गुण्डरदेही की बैठक 4 जुलाई को दोपहर दो बजे परिक्षेत्र साहू समाज भवन कलंगपुर में रखी गई है। बैठक में गुण्डरदेही ब्लाक पदाधिकारी का गठन किया जाना है। उक्त जानकारी गुण्डरदेही ब्लाक संयोजक सांवत राम साहू भोथीपार द्वारा दी गई है।

### सतनामी समाज के लोगों की निःशर्त रिहाई की जाए

**बालोद।** सतनामी समाज ने जेल में बंद सतनामी समाज के लोगों की निःशर्त रिहाई के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि बलौदाबाजार कलेक्टोरेट परिसर में हुए आगजनी व तोड़ फोड़ में दोषी करार देते हुए प्रशासन द्वारा प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से गिरफ्तार सतनामी समाज के लोगों को निःशर्त रिहाई करने सतनामी समाज जिला बालोद मांग करती है। पूर्व जिलाध्यक्ष सतनामी समाज बालोद विजय बघेल ने कहा कि बलौदाबाजार आगजनी व तोड़ फोड़ की घटना में आयोजनकर्ता सतनामी समाज के लोगों को पुलिस प्रशासन द्वारा शंका के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उपरोक्त सतनामी समाज के लोगों को निःशर्त रिहाई की जाए। जिला सतनामी समाज बालोद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ शासन राज्यपाल, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विष्णु देव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा के नाम भी पत्र लिखा है।

### महाविद्यालय में प्रवेश के लिए 8 तक देनी होगी दस्तावेजों की हार्ड कॉपी

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय प्रबन्धन ने कहा है कि स्नातक प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाईन के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जानी है, जिसके लिये विवि द्वारा प्रथम सूची निर्धारित तिथि तय किया गया है। इसके आधार पर महाविद्यालय में प्रवेश फार्म बीए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए प्रथम वर्ष में आवेदन ऑनलाईन हार्डकॉपी 8 जुलाई तक अपना ऑनलाईन हार्डकॉपी संलग्न दस्तावेज हाई व हायर सेंकेण्डरी सर्टिफिकेट की कापी सत्यप्रति, स्नातक परीक्षा की कापी, जाति व निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की सत्यप्रति, गेप होने पर गेट सर्टिफिकेट की सत्यप्रति, यदि माईग्रेशन हो तो उसका मूल प्रति, पासपोर्ट साईज की फोटो प्रति, स्थानांतरण प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र की मूलप्रति संलग्न कर अपना प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

# किसान ने मांगी जमीन, प्रशासन ने मुआवजा प्रकरण तैयार करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी किसान की निजी पैतृक कृषि भूमि पर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत अनाधिकृत सड़क निर्माण का विरोध करने पर त्रिपक्षीय चर्चा की गई, लेकिन कृषक की भूमि का निरीक्षण करने के बाद कोई हल नहीं निकला। प्रशासनिक अधिकारी ने सड़क निर्माण में उपयोग की गई जमीन का भूमि अधिग्रहण का प्रकरण बनाकर मुआवजा का प्रकरण बनाने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क निर्माण में बाधा पहुंचाने वाले पर दंडनात्मक कार्रवाई करने के मौखिक निर्देश अतिरिक्त तहसीलदार को दे दिए। उसके बाद विवाद की स्थिति बन गई। पीड़ित किसान परिवार अपनी कृषि भूमि से सड़क निर्माण के लिए किए गए अनाधिकृत कब्जे को हटाने पर अडा रहा। वहीं, 2 जुलाई को अनुविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग 930 को दिए गए आवेदन में दो दिन के अंदर कृषि भूमि से मलबा हटवाने का निवेदन किया गया। इसके साथ ही मलबा नहीं हटाने पर दो दिन के बाद स्वयं मलबा हटाने की बात कही।

बता दें कि करियाटोला पुल के पास मुकेश कुमार माहला द्वारा उसकी कृषि भूमि पर राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क निर्माण पर अनाधिकृत कब्जा किए जाने की शिकायत पर जांच करने स्थल पर चंद्रकांत कौशिक अपर कलेक्टर बालोद ,कोमलसिंह ध्रुव अतिरिक्त तहसीलदार ▶▶| शेष पेज 11 पर

## आदिवासी किसान की कृषि भूमि पर सड़क निर्माण का मामला



### निर्माण एजेंसी पर धमकाने का आरोप

आदिवासी कृषक मुकेश कुमार माहला ने बताया कि स्वयं की कृषि भूमि ग्राम करियाटोला में खसरा न.307/2 तथा बड़े भाई के हंसलाल माहला की कृषि भूमि खसरा न.307/1 एवं खसरा न.307/3 में कृषि भूमि में कृषि/मजदूरी कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण करता हू ,राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के निर्माण एजेंसी व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों द्वारा हमारे कृषि भूमि में हमारे बिना सहमति के सड़क का निर्माण अनाधिकृत रूप से कर दिया गया। मेरे द्वारा ▶▶| शेष पेज 11 पर



## परेशानी : लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत की पहल

# बेलौदी में सड़क जर्जर, जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान, पंचायत बिछवा रही मुरुम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना सड़क को माना जाता है। राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार आधारभूत संरचना सड़क निर्माण के लिए प्रति वर्ष अरबों की राशि खर्च कर रही है। वहीं, कई विभागों में विकास की राशि खर्च नहीं होने के कारण सरेंडर हो जा रही है। परंतु आज भी कई ऐसे गांव हैं, जिसमें छोटी–छोटी जर्जर सड़कें लोगों की परेशानी का सबब बन कर रह गयी हैं।

उन सड़कों का निर्माण नहीं होने से ग्रामीण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनमें ग्राम बेलोदी बस स्टेंड सतमरा मार्ग एक किमी लंबाई की मुख्य सड़क जो वर्षों से प्रशासनिक पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार है। सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण कई बार संबंधित विभाग से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी आवेदन दे चुके हैं।



**सड़क के गड्ढों को भरने का किया गया प्रयास**

सड़क की स्थिति को देखते हुए और राहगीरों के आवागमन की सुविधा के लिए सोमवार को उप सरपंच वेश नारायण साहू ने पंचायत की राशि से सड़क में मुरुम आदि डाल कर मरम्मत करवाई। साथ ही सड़क पर बने बड़े–बड़े गड्ढे को भर कर आवाजाही लायक बनाया गया।

### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को भी दिया आवेदन

जन प्रतिनिधियों ने भी उपेक्षा की, सड़क की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गांव में भेंट मुलाकत कार्यक्रम में आवेदन दिया था। ग्रामीण सांसद, विधायक, जिला परिषद सदस्य के अलावा जिला प्रशासनिक पदाधिकारी को आवेदन देकर सड़क मरम्मत करने की मांग कर चुके हैं, परंतु किसी ने भी सड़क मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया।

### दर्जनों ग्रामीणों के आवागमन का मार्ग

बरसात के दिनों में सड़क कीचड़ का रूप धारण कर लेती है, इस सड़क से सियानमरा, सतमरा समेत कई पंचायतों के दर्जनों गावों के ग्रामीण इसी सड़क से होकर प्रतिदिन प्रखंड व जिला मुख्यालय, दैनिक बाजार व रेलवे स्टेशन आवाजाही करते हैं। लेकिन वर्षों से सड़क का मरम्मत नहीं होने से लोगों का सड़क पर चलना दूभर हो गया है। मरम्मत के अभाव में सड़क अपने अस्तित्व को बचाने में स्वयं संघर्षरत है।

# रेहची खपरी में बबूल की कटाई, ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाया बेचने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

■ तहसीलदार से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

ग्राम पंचायत रेहची खपरी के गांव से लगे तालाब किनारे बड़ी संख्या में बबूल पेड़ हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच ग्राम में मनमानी कर रहे हैं। सरपंच ने बिना अनुमति लिए तालाब पार पर लगे बबूल पेड़ को लकड़ी ठेकेदार के पास सौदा कर बेच दिया है। ठेकेदार माजदा 409 भरकर ले गया।

बाकी पेड़ों की कटाई को ग्रामवासियों ने विरोध करके कटाई होने से बचाया। ग्रामीणों में इससे काफी रोश व्याप्त है। आक्रोशित ग्रामीण सरपंच के खिलाफ तहसीलदार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया मुख्य मार्ग अर्जुंदा के पास ग्राम रेहची के तालाब पार पर चारों तरफ बबूल के पेड़ लगे हुए थे, जिन्हें पिछले साल बेच दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच और सचिव सिर्फ पेड़ बेचते आ रहे हैं।

इस पूरे मामले की जानकारी तहसीलदार प्रीतम साहू को देने के बाद पटवारी भी मौके पर पहुँचकर कटे हुए पेड़ों की ठूंठ की गिनती कर प्रतिवेदन तहसीलदार के माध्यम से अनुविभागी गुण्डरदेही दे दिया गया। वहीं, इस संबंध में सचिव काशी देवांगन ने कहा कि मैं अभी छुट्टी पर हूं इसके बारे में नहीं बता पाऊंगा।

# पंचायत की अनदेखी से अस्तित्व खोने लगा तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

पंचायत की अनदेखी और अतिक्रमण के कारण गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद के वार्ड क्रमांक 5 से लगे तालाब का अस्तित्व समाप्त होने लगा है। तालाब में खरपतवार उग आए हैं, जिससे इसकी हालत बदतर हो गई। जागरूक नागरिकों का कहना है कि तालाब को संरक्षित करने विशेष प्रयास किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि किसी समय इस तालाब में लोग बड़ी संख्या में नहाने पहुंचते थे। लेकिन, वर्तमान में यह तालाब खरपतवार और कचरे से पट गया है। लोग अपने घरों का कचर इसी में फेंक देते हैं।

ग्राम पंचायत द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने और प्रशासनिक उदासीनता के कारण लगभग एक एकड़ में फैले इस तालाब के चारों ओर अतिक्रमण हो चुका है। धीरे-धीरे तालाब का दायरा सिकुड़ता जा रहा है। आज तक किसी भी सरपंच ने तालाब किनारे हुए अतिक्रमण को हटाने पहल नहीं की। न तो तालाब की सफाई हुई, और न ही तालाब के चारों ओर से पूरी तरह अतिक्रमण हटवाया गया। वर्तमान में तालाब में खरपतवार और कचरे का अंबार लगा है। वार्ड के नागरिकों ने बताया कि सन 1980-



90 के दशक में हम लोग यहां नहाने थे। लेकिन, अब अतिक्रमण के कारण तालाब का अस्तित्व खो गया है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से तालाब के संरक्षण की मांग की है।

### किया जाएगा संरक्षण

तालाब के संरक्षण के लिए जल्द ही पंचायत में प्रस्ताव लेकर अतिक्रमण हटाकर तालाब पार का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

- **मोरजध्वज सिन्हा,** पंचायत सचिव

# बालोद शहर में बनाएं मल्टी स्पोर्ट्स ग्राउंड : युवक कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला युवा कांग्रेस ने मल्टी स्पोर्ट्स ग्राउंड को बालोद शहर में निर्माण कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

बालोद युवा कांग्रेस ने कहा कि मल्टी स्पोर्ट्स ग्राउंड का निर्माण की चर्चा अभी वर्तमान में चल रही है तथा बालोद शहर में खेलों को बढ़ावा देने व आसपास क्षेत्रों के युवाओं व खेल प्रतिभा छात्रों को बढ़ावा देने बालोद जिला मुख्यालय सभी क्षेत्रों के लिए सुविधाजनक है। युवा कांग्रेस ने यह भी कहा कि दल्ली जाने से प्रतिभाओं को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, बालोद शहर से दल्ली राजहरा की दूरी 30 किलोमीटर है। इससे युवाओं को काफी दिक्कतें होंगी। इस कारण बालोद के आसपास की जगहों पर यह मैदान बनाया जाए। इस दौरान आदित्य दुबे, शहर अध्यक्ष साजन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहनिश पारकर, देवेंद्र साहू, साहिल मौजूद रहे।



# पलारी में बिजली कटौती ने बढ़ाई ग्रामीणों की समस्या

**गुरूर।** बारिश, आंधी नहीं होने के बाद भी ग्राम पलारी में बिजली कटौती की समस्या के कारण ग्रामीण परेशान हैं। बिजली कटौती होने के कारण ग्रामीणों को कई समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है, जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्राम में लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में रात के समय उजाला करने के लिए मोबाईल या टार्च में चार्जिंग करने के लिए लोगों को पड़ोसी ग्राम या अन्य कार्य स्थल का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं, खेतों में लगी फसलों में पानी डालने के लिए भी लोगों को सोचना पड़ रहा है। जिसके कारण अब लोग बारिश होने की प्रार्थना कर रहे हैं, ताकि फसलों को पर्याप्त पानी मिल सके तथा नुकसान न हो।

# मनरेगा में भ्रष्टाचार की जांच के 15 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज:बालोद/कलंगपुर

■ ग्रामीणों ने जांच व कार्रवाई को लेकर जताई नाराजगी

गुण्डरदेही ब्लाक मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोदल के ग्रामीणों ने मनरेगा कार्य में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद जिला जांच अधिकारियों द्वारा जांच–पड़ताल की गई।

लेकिन ग्रामीणों ने उचित जांच नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मनरेगा के तहत नया तालाब गहरीकरण, नाली कार्य, डबरी तालाब गहरीकरण, गौठान, चारागाह एवं पौधारोपण कार्य किया गया, जहां कार्य स्थल पर जो मौजूद नहीं थे, उसकी हाजिरी मस्टरोल में फर्जी तरीके से से डाली गई। इसकी शिकायत लेकर 13 जून को बोदल के लोगों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद को ज्ञापन सौंपा गया था। ग्रामीणों ने सरपंच तीरथदेवी साहू के विरुद्ध शिकायत की गई कि




सरपंच मनरेगा कार्य के मेट लोगों को दबाव डालते हुए अपने पति शिवप्रसाद साहू का हाजिरी मस्टरोल में भरने को कहा गया, जबकि सरपंच पति मनरेगा के किसी भी कार्य में मजदूर के रुप में उपस्थित नहीं था और न ही हाजिरी के समय उसका नाम वाचन होता था। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच पति के द्वारा पंचायत के कार्यों में भी हस्तक्षेप किया जाता है। सरपंच व उनके पति के रवैये से आक्रोशित पंच एवं उपसरपंच टुवन साहू सहित ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की थी।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद 19 जून को जिला पंचायत बालोद से जांच अधिकारी ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कंक्रीट सड़क पर लगा दिए पौधे...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पौधारोपण की तस्वीर जो आप देख रहे हैं, यह शहर के बुधवारी बाजार के बीचों बीच लगाया गया है। पौधों को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस जगह पर पौधा लगाया गया है, वह काफी व्यस्ततम जगह है और पूर्व में कई बार सीमेंटीकरण करके उसके ऊपर डामरीकरण का कार्य भी हो चुका है।

यानि वह मिट्टी युक्त जगह नहीं है, बल्कि डामर, सीमेंट, पत्थर व मुरूम वाली जगह है। ऐसे में इस जगह पर पौधारोपण करने के औचित्य पर सवाल उठ रहे हैं। सवाल यह भी है कि ऐसे में यह पौधा बड़ा कैसे होगा। जिस जगह पर पौधे लगाए गए हैं, वहां छोटे-छोटे फुटकर व्यापारी दुकान लगाकर व्यवसाय करते हैं। जानकारी के अनुसार ये सभी छायादार पौधे हैं।

आस-पास के कुछ व्यापारियों ने बताया कि उन्हें धूप से बचने छांव लाने के उद्देश्य के लिए लगाया गया होगा। जबकि धूप और बारिश से बचाने के लिए ही लगभग 15 साल पहले लाखों रुपए खर्च कर चबूतरे का निर्माण कराया गया था, जो वर्तमान में कैरम सेंटर, साइकिल स्टैंड, होटल संचालन, मूर्तियां बनाने सहित कई निजी कार्यों के लिए उपयोग किया जा रहा है। वहीं, छोटे फुटकर व्यापारी चबूतरे को छोड़कर सड़क पर ही सब्जी पसरा लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं।




**पाठक सूचना**

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100





## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में किया गया डॉक्टरों का सम्मान



**बालोद।** डॉक्टर्स डे पर जिला अस्पताल बालोद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर एसोसिएशन के जिला शाखा द्वारा जिला अस्पताल के सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टरों का सम्मान किया गया।

### मोटर पंप के केबल चोरी की घटनाएं बढ़ीं

**गुरूर।** खेतों में लगे मोटर पंपों के तारों की चोरी दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इसके कारण किसानों को खेती कार्य करने में दिक्कतों के साथ आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खेत के पंप में लगे वायर चोरी की घटना एक बार फिर भिरई और पलारी से सामने आ रही है। वहीं, से पूर्व में भी कई बार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण चोरों के हौसले इतने बढ़ते जा रहे हैं कि वे एक ही जगह बार-बार चोरी करने से भी नहीं डर रहे हैं। बता दे कि पंप में लगे वायर के प्लास्टिक कवर के अंदर तांबे का लेयर रहता है और यही तांबा महंगे दामों पर बाजार में बिकता है। इसलिए चोर खेतों में वायर चोरी को अंजाम दे रहे हैं। चूंकि खेतों में पकड़े जाने का डर नहीं के बराबर रहता है, ऐसे में चोर देर रात खेतों में चोरी को अंजाम देते हैं।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे से रखी गई है। बैठक में विभिन्न जानकारी दी जाएगी। अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने सभी पेंशनर साथियों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

### विधानसभा सत्र 22 से 26 तक, अवकाश पर रहेगा प्रतिबंध

**बालोद।** छत्तीसगढ़ षष्टम विधानसभा का तृतीय सत्र 22 से 26 जुलाई तक आहूत की गई है। इसके अंतर्गत विधानसभा तृतीय सत्र के दौरान अधिकारी–कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने सर्व विभाग प्रमुख, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि विधानसभा के तृतीय सत्र के दौरान वांछित जानकारी शासन को यथा शीघ्र समयावधि में भेजने के लिए अधिकारी–कर्मचारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विधान सभा तृतीय सत्र 2024 के दौरान कलेक्टर के बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे। इसके साथ ही कार्यालय में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करते हुए उनके नाम, पदनाम, दूरभाष एवं मोबाईल नंबर की जानकारी इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## आयोजन

### ग्राम चौरेल में मना विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

# विधायक कुंवरसिंह ने तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत, खिलाई मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही







ग्राम चौरेल में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। जहां उन्होंने पहली छठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों को पाठ्य पुस्तक और स्कूल ड्रेस का वितरण भी किया गया, इस दौरान विधायक निषाद ने सभी विद्यार्थियों और नवप्रवेशी बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और बच्चों को अपने उचित मार्गदर्शन से संस्कारवान बनाने वाले सभी शिक्षकों का भी अभिनंदन किए।

इस अवसर पर स्कूल में बच्चों को न्योता भोज भी कराया गया, जहां विधायक ने खुद बच्चो को भोजन परोसा, विधायक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम और हिन्दी माध्यम स्कूल शुरू किए गए हैं। इन विद्यालयों की लोकप्रियता निजी स्कूलों से भी कहीं बेहतर है। हमारी सरकार ने बच्चों को अंग्रेजी भाषा सीखाने पर विशेष ध्यान दिया है, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़े हो सके। आगे बढ़ने की उम्मीद के साथ अपने सपनों को साथ लिए मेहनत कर रहे, इन बच्चों से उम्मीदें सभी को होती हैं। सरकार और अभिभावकों की एक बड़ी जिम्मेदारी होती है कि इन बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने के साथ ही उनका व्यक्तित्व विकास भी हो। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मोंटी यादव, सदस्य जिला पंचायत संध्या भारद्वाज, सरपंच लवण चंद्राकर, सागर साहू, राजाराम चंद्राकार, खिलानंद साहू, नवीन यादव, बीईओ गुण्डरदेही श्रद्धा ठाकुर, एबीईओ खेमराज साहू, एबीईओ किशोर साहू, बीआरसीसी गुण्डरदेही राजेन्द्र देशमुख, प्राचार्य चौरेल प्रवीण लोन्हारे, सीएसी सुभाष गजेन्द्र, सीएसी हेमंत साहू, प्रधान पाठक, सर्व संकुल समन्वयक एवं अन्य शिक्षकएवं ग्रामवासी संख्या में उपस्थित थे।

### शासकीय विद्यालय मुढ़िया में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**बालोद।** शासकीय हाई स्कूल मुढ़िया के शाला भवन में संयुक्त रूप से शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय हाई स्कूल मुढ़िया के तत्वावधान में शाला प्रवेश उत्सव सत्र 2024–25 का आयोजन किया गया है। इसमे कक्षा पहिली, छटवी एवं नवमी के नवप्रवेशी छात्रे का स्वागत गुलाल व मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर तीनो शालाओ के शाला प्रबंधन, जनभागीदारी सदस्य, शिक्षक शामिल हुए। अतिथियो ने बच्चो को उत्साहित करते हुए अनुशासन एवं शिक्षा के महत्व पर अपना विचार प्रकट किया। शाला प्रवेश उत्सव के इस दिन को वि"शेश बनाने के लिए शाला प्रबंधन समिति के सदस्यो एवं शिक्षको के सहयोग से न्योता भोज कराया गया। जिसमे खीर पुड़ी केला का वितरण किया गया।

## कोड़िया में मना संकुलस्तरीय प्रवेश उत्सव

**अंडा।** संकुल स्रोत केंद्र कोड़िया में सोमवार को संकुलस्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत दुर्ग कृषि सभापति राकेश हिरवानी थे।

कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला कोड़िया, भानपुरी व कोकड़ी के पहलीं और छठवीं कक्षा के नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें गणवेश और पाठ्यपुस्तक भी प्रदान किया गया।

जनपद कृषि सभापति राकेश हिरवानी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई व शैक्षणिक स्तर में सुधार को लेकर स्कूल स्टॉफ द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि आनंद चंद्राकर ने भी संबोधित किया। संकुल समन्वयक राहुल सोनटेके ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि कोड़िया स्कूल को बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए कलेक्टर ने सम्मानित किया है। साथ ही छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में संकुल का नाम रोशन किया है।




कार्यक्रम में सरपंच चंद्रभान सारथी, उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, दिनेश दीपक, आनंद चंद्राकर, राधेलाल साहू, कोड़िया के प्रभारी प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी नीलमणि उज्जवने, जेपी दीपक, आदित्य भारद्वाज, किशन दीपक, भानपुरी प्राइमरी प्रधानपाठक महेश राम साहू, मीडिल एचएम रत्ना मिश्रा, कोड़िया प्राइमरी एचएम नीता शर्मा, मीडिल एचएम सुधा रॉय, कोकड़ी प्राइमरी एचएम संदीप यादव, मीडिल एचएम महावीर चंद्राकर सहित अन्य ग्रामीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राहुल सोनटेके, प्रीतम देवांगन, तारिणी रंगारी, रश्मि मेहता, सुरेश देवांगन, शैलेन्द्री यादव सहित स्कूल स्टॉफ व छात्रों का सराहनीय योगदान रहा।

## शासकीय विद्यालय ओटेबंद में प्रवेशोत्सव पर दिया न्योता भोज

**अंडा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ओटेबंद में नेवता भोज के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम नवप्रवेशी विद्यार्थियों की आरती उतारकर और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। इसके साथ ही अतिथियों ने बच्चों को किताब का वितरण किया। सभी बच्चों को नेवता भोज दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाला विकास समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू ने कहा कि परीक्षा में सफल होने के लिए उचित कार्य योजना बनाकर समय प्रबंधन के साथ-साथ सही दिशा में मेहनत करें। सरपंच ने नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने पर छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर पढ़ाई और अपने परिवार तथा ओटेबंद सहित पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को शिक्षा का उचित वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि उनका पढ़ाई में मन लगा रहे। कार्यक्रम में भुवन लाल साहू ठगिया, उत्तम साहू, खेमन मनोज लोकेश्वर दिनेश दिलेश्वरी चंद्रप्रभा रीना सुनीता, प्रधान पाठिका पारख मैडम, रेखा साहू, शैलेश पांडे, दिगेश्वर प्रसाद देशमुख सुमन देवांगन, अमृत चंद्राकर, बिंदा साहू, चित्ररेखा वर्मा, सनथ सहित सरपंच ग्राम प्रमुख भागेश्वरी साहू, उप सरपंच छन्नू साहू, अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, अध्यक्ष डागेश चंद्राकर सहित पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





## नेवारीकला में मना विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**बालोद।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव ग्राम नेवारीकला में हुआ। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू व विधायक संगीता सिन्हा, सरपंच तुमरेकी एवं अध्यक्ष ग्रामीण मंडल बालोद प्रेम साहू, ग्रामीण मंडल महामंत्री बालोद दानेश्वर मिश्रा, संजय शानू साहू एवं प्रकाश नाहर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों सहित बालोद ब्लाक के आठ संकुल शाला के शिक्षक एवं नव प्रवेशी बच्चे शामिल हुए। जहां जिला अध्यक्ष ने सभी बच्चों का स्वागत अभिनंदन किया एवं सभी का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि स्कूल संस्कारों का मंदिर है, जहां बच्चों की ज्ञान के साथ विज्ञान, उनकी कला, उनकी जिज्ञासा एवं सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक उत्थान की दिशा के लिए तैयार किया जाता है, जहां उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षक इनको शिक्षा देते हैं। सभी बच्चों को स्कूली गणेश एवं पुस्तक देकर मुंह मीठा करा करके सभी का अभिनंदन किया। इस अवसर ब्लाक शिक्षा अधिकारी, उप शिक्षा अधिकारी सहित समस्त शाला परिवार के शिक्षक शिक्षिका पंचायत के सरपंच, उप सरपंच सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। अंत में न्योता भोजन कर सभी ने स्कूल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति पेड़ों के संरक्षण का संकल्प लेकर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सिंधी समाज के अध्यक्ष बनाए गए अजय

**बालोद।** सिंधी समाज की बैठक सिंधु भवन बालोद में आयोजित की गई। बैठक में सर्व सम्मिति से अजय कारड़ा को आगामी 02 वर्षों के लिए समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

वहीं, श्री कारड़ा ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। संरक्षक मुकेट ओटवानी, श्याम माधवानी, हरिश चैनानी, महेश लुल्ला, सफरमल सेवलानी, किशोर आहुजा तथा महासचिव संजय कल्याणी को बनाया गया है। वहीं, महामंत्री शंकर चैनानी, कोषाध्यक्ष सोहन आहुजा, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार आहुजा, राजेश लुल्ला, धरमपाल लुल्ला, मनोज सेवलानी, अमर लछवानी, संजय आहुजा, सुभाश माधवानी, अनिल चैनानी, पंकज आहुजा, रामचंद नारंग, प्रताप बजाज, नरेश आहुजा को बनाया गया है। इसके अलावा मृत्यु कार्यक्रम के लिए विशेष समिति बनाई गई है, जिसमें रमेश माधवानी, श्याम नवानी, हरि चैनानी, संजय कल्याणी, विजय माधवानी नियुक्त किए गए हैं।

## युवा मितान क्लब में राशि की बंदरबांट का आरोप, भाजपाइयों ने की कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा के पार्षद कमलेश सोनी एवं पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन ने पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में राजीव युवा मितान क्लब के गठन के बाद इस योजना के तहत किए गए कार्यों की जांच का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर पैसा वसूली किये जाने की भी मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि फ्लैगशिप योजना राजीव मितान क्लब के जरिए सवा अरब से ज्यादा राशि की बंदरबाट प्रदेश भर में की गई। अब विष्णुदेव साय की सरकार इसकी आडिट करा रही है। क्लब के 13 हजार खाते सरकार ने सीज कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में भी यह बात समझ आ रही थी कि राजीव युवा मितान क्लब कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सरकारी पैसे से उपकृत करने का धंधा था। खुलेआम सरकारी धन की धज्जियां उड़ाने का यह साक्षात उदाहरण है।

जिला मंत्री अमित चोपड़ा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिम शिखर गुप्ता ने राजीव युवा मितान क्लबों द्वारा पूर्व वर्षों में व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र, बिल व्हाउचर्स की ऑडिट और शेष राशि को शासन के खजाने में तत्काल जमा करने के निर्देश दिए हैं। सचिव ने 10 जुलाई तक सभी जिलों को कार्यवाही करने कहा है। वहीं 4 अफसरों को नोटिस भी जारी किया है। जनता के पैसे की बंदरबाट की गई।

शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर ने पूरे प्रदेश में राजीव युवा मितान क्लब से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों के बैंक खाते की जांच कर उनके द्वारा किये गए आयोजन से संबंधित सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर कठोर कार्रवाई कर वसूली भी की जाए, ताकि इस राशि से प्रदेश में विकास के कार्य हो सके।

जांच व कार्रवाई की मांग करने वालों में मंडल महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, रिछेद मोहन कलिहारी, सरोजनी साहू, लेखन साहिरो, नितेश वर्मा, रवि पांडेय, पंकज आहूजा, दीपक देवांगन, महेश पाठक, अजय बाफना, अम्बिका यादव, सुनीता मनहर, प्रतिमा यादव, शेखर यादव, वैभव राखेचा, तुलेश साहू, राहुल साहू, चेतन निर्मलकर उपस्थित थे।

## चिंचबोड़ में विधायक निषाद ने की देवी-देवताओं की पूजा

**गुण्डरदेही।** ग्राम चिंचबोड़ में आदिवासी गोंड़ समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित जय बुढ़ादेव महाउदिम नेवता में विधायक कुंवर सिंह निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आदिवासी समाज के देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर समाज की खुशहाली की कामना की। विधायक निषाद ने कहा कि गोंड़ समाज के योगदान को कोई नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि जो समाज शिक्षित होता है वही आगे बढ़ता है। गोंड़ आदिवासी समाज के कार्यक्रम से सभ्यता, संस्कृति का बोध होता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोंड़ महासभा बालोद प्रेमलाल कुंजाम, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही भोजराज साहू, जीतेश्वरी पडोटी, कविता, दिलीप मण्डवी, सुंदरलाल मण्डवी सहित जिला समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## निधन

### ललेशर बाई साहू



**अंडा।** ग्राम गुरेदा (डंगनिया) निवासी ललेशर बाई साहू उम्र 80 वर्ष का 3 जुलाई निधन हो गया।वे रमेश कुमार साहू और उत्तम साहू की माता तथा कमलेश साहू की नानी थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### रोमलाल सिन्हा



**चीचा।** ग्राम चीचा निवासी रोमलाल सिन्हा का कल बुधवार को निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार दिन बुधवार को गृह ग्राम चीचा में किया गया।

## पेज 9 के शेष

### किसान ने मांगी ...

बसंत मंडावी राजस्व निरीक्षक कुसुमकसा यामले पटवारी, राष्ट्रीय राज मार्ग के अधिकारी, कृषक मुकेश कुमार माहला , हंसलाल माहला ,डॉक्टर देवेंद्र माहला ,अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बालोद ने आदिवासी कृषक पर ही कार्य में बाधा किए जाने का आरोप लगा दिया। इस पर कृषक ने कलेक्टर बालोद के जनदर्शन में आवेदन देकर स्वयं की कृषि भूमि खसरा न.307/1,307/2 एवं 307/3 में अवैध सड़क निर्माण को खाली कराकर न्याय दिलाने की मांग की है।

साथ ही गरीब आदिवासी कृषक ने दो दिन के अंदर उसके कृषि भूमि की सरहद पर हुए सड़क निर्माण के लिए किए गए कब्जा को हटाए जाने की मांग की। वहीं, दो दिन में अतिक्रमण नहीं हटाने पर खुद ही मलबा हटाने की बात कही।

डॉक्टर देवेंद्र माहला प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति व केंद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज ने बताया कि मुकेश माहला द्वारा की गई शिकायत पर कृषि भूमि स्थल पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारी को अपने परिवार की निजी कृषि भूमि में राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क निर्माण किए जाने तथा सड़क के दूसरे छोर में खाली पड़ी जमीन को दिखाते हुए निर्माण एजेंसी व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी के लापरवाही के कारण पूल व सड़क निर्माण एक तरफ दबा दी गई है। इसलिए सड़क निर्माण खाली जगह की ओर नवनिर्माण कर हमारे कृषि में किए गए अनाधिकृत कब्जा को हटाया जाए ,नहीं तो सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी।

**किसान पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप :** मिली जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राज मार्ग,लोक निर्माण विभाग उपसम्भाग बालोद द्वारा 28 जून को मुकेश कुमार माहला को जारी पत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के कि. मी.30.600 से 67.880 तक (झलमला से शेरपार) दो लेन मय पेव्हड,सोल्डर चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के अंतर्गत कि. मी.50.820 निर्मित पूल के पहुंच मार्ग में प्रोटेक्शन कार्य प्रगति पर है। जिसमें आपके द्वारा कार्य में बाधा पहुंचाई जा रही है। यानी की आदिवासी कृषक की बिना सहमति के सड़क का निर्माण कर दिया गया, तथा कृषक द्वारा विरोध करने पर उसको ही सड़क निर्माण में बाधा करने वाला बना दिया गया।

### निर्माण एजेंसी ...

हमारे निजी भूमि में सड़क का निर्माण ना करने के लिए निर्माण एजेंसी व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से मिन्नते की। किंतु उसकी गुहार को अनसुना कर दबंगतापूर्वक धमकी दी गई।

### मनरेगा में भ्रष्टाचार ...

ग्राम बोदल पहुंचे, जहां अधिकारियों ने ग्रामीणों व मनरेगा कार्य में उपस्थित लोगों से बयान लिया। कार्य में उपस्थित मजदूरों ने बताया कि सरपंच पति शिव प्रसाद साहू किसी भी मनरेगा कार्य में मजदूर के रूप में कार्य स्थल पर उपस्थित नहीं थे और मस्टररोल में उनकी हाजिरी फर्जी तरीके से भरा गया है, ग्रामीणों से जांच अधिकारी बयान लेकर चला तो गया, लेकिन जांच–पड़ताल के 15 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई और न ही कार्रवाई की खबर मिली जिससे ग्रामीण आक्रोशित हैं। इस दौरान उपस्थित उप सरपंच टुवन लाल साहू, इंदल साहू, प्रहलाद राम साहू, मूल शंकर साहू, रामबालक ठाकुर, राम साहू, मूलचंद साहू, गोवर्धन साहू, टेक राम साहू, जागेंद्र कुमार, कैलाश, फलेन्द कुमार, दामिनी साहू, ललिता, पूर्णिमा, टिकेश्वर, संतोषी साहू, गौकरण, अशोक कुमार, मुकेश कुमार, रामेश्वरी, चंद्रकला साहू, चम्पी, रेवती, लक्ष्मी बाई, प्रमिला, घनश्याम, होरीलाल, नरेश, गोवर्धन साहू, यदुनंदन सहित ग्रामीण जनों ने शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

## जीवनदीप समिति की सामान्य सभा में कई विषयों पर हुई चर्चा



**गुरूर।** प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र बोड़रा में जीवनदीप समिति सामान्य सभा का बैठक आयोजन किया गया। बैठक में जनपद अध्यक्ष प्रभात धुरवे, खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुरूर जीआर रावटे, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक योगेश कुमार साहू, जनपद सदस्य और सभापति महिला एवं बाल विकास गुरूर राजश्री क्षत्रिय, संस्था प्रभारी ग्रामीण चिकित्सा सहायक सुभाषचन्द्र साहू व जीवनदीप समिति के सदस्य अस्पताल के स्टाफ उपस्थित थे।

सामान्य सभा के बैठक में मुख्य रूप से दवाई आपूर्ति, आयुष्मान भारत के लिए एक ऑपरेटर रखने व जीवनदीप समिति से एक आया की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। बैठक संपन्न होने के पश्चात अध्यक्ष, खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुरूर व सभी सदस्य और स्टाफ मिलकर पौधारोपण कार्य किया।

**खबर संक्षेप**



## खुटेरी (रंग) में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

**गुण्डरदेही।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात की 111 वीं का प्रसारण भाजपा मण्डल गुण्डरदेही के रंगकठेरा शक्ति केंद्र के बूथ खुटेरी (रंग) में सुना गया। उसके बाद व पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी, महामंत्री सौरभ चोपड़ा, सरपंच व मण्डल कोषाध्यक्ष नविता साहू, शक्ति केंद्र संयोजक पृथ्वी साहू, सहसंयोजक नरेश साहू, उपसरपंच कौसल ठाकुर, तेजराम साहू, मोहन साहू, भवेंद्र साहू, रेमन निर्मल, प्रेम शंकर, चिमन निर्मल, भुनेश्वर ठाकुर उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय चीचा में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला चीचा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर और उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर सरपंच लक्ष्मीनारायण गजभीम व उपसरपंच तेजराम साहू प्रधानपाठक डीडी देशमुख सीएसी वीके देवांगन शिक्षक एमएल साहू व प्रधानपाठक प्रभारी ओपी चंद्राकर व अन्य शिक्षक रेणुका साहू मंजू देवदास गांगुली व श्री साहू व पालक उपस्थित थे।

## हिन्दु युवा मंच ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**दुर्ग।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिन्दूओं पर दिए गए बयान के विरोध में मंगलवार को हिन्दू युवा मंच द्वारा दुर्ग पटेल चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हिन्दू युवा मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर नारेबाजी भी गई। इस दौरान दुर्ग जिला प्रभारी राजा देवांगन ने बताया कि, जिस तरह से हिन्दूओं को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बयान दिया है। वह बहुत ही निंदनीय है यह हिन्दूओं का अपमान है।

# संसद में हिन्दू धर्म पर की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगे नेता प्रतिपक्ष राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिन्दू धर्म को लेकर की गई टिप्पणी के खिलाफ भाजपा एवं भाजयुमो ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। एक ओर जहां राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग करते हुए विभिन्न स्थानों पर उनका पुतला दहन किया गया, वहीं दूसरी ओर पार्टी नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

इस घटना को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि राहुल गाँधी का नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहला ही भाषण झूठ, निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा हुआ था। राहुल गाँधी ने अपने भाषण में हिंदुओं का घोर अपमान किया, हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा बताया। उन्हें हिंदुओं के अपमान और सदन में झूठी बयानबाजी के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए। जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि संसद में राहुल गांधी ने सम्पूर्ण हिंदू समाज को हिंसक और असत्यवादी बताकर, हिंदू समाज का घोर अपमान किया है। राहुल गाँधी पश्चिम बंगाल में हुई घटनाओं पर कुछ नहीं बोलते, केरल में अपने सहयोगी की हिंसा भड़काने की तहरीरों पर कुछ नहीं बोलते, लेकिन हिंदुओं को हर बार बदनाम करते हैं।

जिला महामंत्री चेमन देशमुख ने कहा कि राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा को नीचा और कमजोर करने का काम किया है। हिंदुओं को हिंसक और असत्यवादी बताना, संसद की बहस के दौरान ईश्वर के चित्रों को सामने रखना और राजनीति को इससे जोड़ना एक नेता प्रतिपक्ष को शोभा नहीं देता।

### राहुल गांधी के बयान पर भाजपा नेताओं ने जताई आपत्ति



**रक्षा मंत्री ने किया झूठ का पर्दाफाश :** भाजपा युवा मोर्चा के आदित्य पिपरे, खेमलाल देवांगन, संजय साहू, रौनक कत्याल, पार्थ साहू, टुमन साहू, मनीष साहू, श्रीकांत वर्मा, संजीव मानकर, संजीव सिंह ने भी संसद में राहुल गांधी की बातों पर आपत्ति जताई। जिला मंत्री अमित चोपडा, नरेश साहू, विकाश जैन, रिंकु राजीव शर्मा, संजीव सिंह, पंकज चौधरी, कमल बजाज, संदीप साहू, राहुल गाँधी ने कहा कि अग्निवीर योजना में शहीदों को कोई मुआवजा नहीं दिया जाता। लेकिन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तुरंत राहुल गांधी के झूठ का पर्दाफाश करते हुए कहा कि अग्निवीर योजना में शहीदों को 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसी तरह मंत्री शरद ठाकुर, सहित प्रेम साहू, सुरेश निर्मलकर, संदिप सिन्हा, कमल पनपालिया, तोमन साहू, जितेन्द्र साहू, मनोहर सिन्हा, हेमंत साहू, जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु, देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू, ठाकुर राम चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रीतम साहू वीरेंद्र साहू ने भी राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति दर्ज कराई।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

# बाढ़ व आपदा से बचाव के लिए रखें पूरी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़ एवं आपदा से संबंधित किसी भी प्रकार की स्थिति उत्पन्न होने पर प्रभावितों की मदद और बाढ़ एवं आपदा से बचाव के लिए सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी भी प्रकार की विषम स्थिति निर्मित होने पर प्रभावितों को तत्काल मदद उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए।

बैठक में चन्द्रवाल ने बाढ़ एवं आपदा से उत्पन्न किसी भी स्थिति से निपटने के तैयारियों के संबंध में विभागवार समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी राजस्व मण्डलों में अनिवार्य रूप से वर्षा मापक यंत्र ठीक–ठाक हालत में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला सेनानी नगर सेना से बाढ़ एवं आपदा के बचाव के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला सेनानी नगर सेना से जिले में उपलब्ध बोट एवं कुशल तैराक आदि के संबंध में भी जानकारी ली तथा इसकी समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जिला खाद्य अधिकारी से जिले में खाद्यानों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए इस दौरान समुचित मात्र में खाद्यान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा ऋतु के दौरान आम जनता को शुद्ध, ताजा एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए स्वास्थ्य, खाद्य तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की संयुक्त दल गठित कर हॉटल, ढाबों आदि की नियमित रूप से जाँच कराने को कहा।

इसके साथ ही उन्होंने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को वर्षा ऋतु के दौरान शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा सभी पेयजल स्त्रेतों का क्लोरीनेशन आदि कार्य कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को जर्जर घरों को डिस्मेंटल कराने तथा अत्यंत गरीब लोगों के लिए आवास एवं खाने–पीने की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।



### जलाशयों से पानी छोड़ने से पहले मुनादी जरूर कराएं

श्री चन्द्रवाल ने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग को जलाशयों से पानी छोड़ने के पहल आम जनता को उनकी पूर्व सूचना देने तथा समुचित रूप से मुनादी आदि कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को वर्षा ऋतु के दौरान जिले के सभी अस्पतालों में समुचित रूप से दवाइयां एवं चिकित्साकर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पतालों में जरूरी दवाइयों के अलावा सर्पदंश से होने वाले जन हानि को रोकने के लिए एंटी वेनम आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कार्यपालन अभियंता विद्युत वितरण कंपनी को इस दौरान जिले में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

### संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में लगाए गए पौधे

**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, एसडीएम बालोद शीतल बंसल, एसडीएम गुरूर पूजा बंसल, एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल, एसडीएम गुण्डरदेही सुरेश साहू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधारोपण किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को पौधारोपण के बाद लगाए गए पौधों की समुचित देखरेख एवं सुरक्षा के भी समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा।





### शीघ्र करें लंबित प्रकरणों का निराकरण : चंद्रवाल

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को अपने–अपने विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री चंद्रवाल ने यह निर्देश संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से बालोद शहर से गुजरने वाली तांदुला नदी में छाए जलकुंभी की समस्या से निजात दिलाने के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। इसके अलावा जिला खाद्य अधिकारी से जिले के ऐसे राशन दुकानों की संख्या के संबंध में जानकारी ली जो विभागीय भवन में संचालित नहीं है। उन्होंने खाद्य



अधिकारी को इन राशन दुकानों के लिए भवन निर्माण के लिए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने वर्षा ऋतु के मद्देनजर विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता को इस दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विद्युत ट्रांसफार्मरों को भी ठीक–ठाक रखने के निर्देश दिए।



# नशे में तथा तेज वाहन चलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चन्द्रवाल ने अधिकारियों को जिले को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए सभी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

- कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक दिए निर्देश

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एडीशनल एसपी अशोक जोशी सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे एवं अन्य अधिकारियों के अलावा जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने कहा कि अतिवृष्टि एवं आंधी, तूफान के कारण मार्ग पर पेड़ आदि गिरने से मार्ग बाधित होने पर संबंधित विभागों द्वारा आपसी समन्वय से तत्काल आवागमन बहाली के लिए समुचित कार्रवाई करें। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को सड़क में विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों की समस्या की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने तथा मुख्य नगर पालिका एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को काऊ कैचर आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि शराब पीकर तथा तेज गति से वाहन चलाना सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। इसलिए ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने जिले में 6 जुलाई से शुरू हो रहे जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी प्रदान करने को कहा। इसके अलावा जिले के स्कूल, कॉलेजों एवं हाट बाजारों में यातायात सुरक्षा के संबंध में शिविर लगाएं। उन्होंने जिले में घटित सड़क दुर्घटना एवं जन–धन की क्षति के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने जिले की आम जनता को सड़क दुर्घटना की रोकथाम के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए यातायात रथ के माध्यम से समुचित प्रचार–प्रसार करने की भी जानकारी दी।

बैठक में एडीशनल एसपी अशोक जोशी ने वर्तमान में हिट एण्ड रन कानून के तहत सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके परिजनों को 2 लाख रूपये तथा घायल होने पर 50 हजार रूपये की राशि प्रदान करने की जानकारी दी। जिला परिवहन अधिकारी विकास रावटे ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए जिले में ब्लेक स्पॉट चिन्हित करने की जानकारी दी।

# चुनाव में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों का किया सम्मान









**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बेहतर कार्य संपादन के अलावा अपने कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता, लगन एवं ईमानदारी की भी सराहना की। कार्यक्रम में चन्द्रवाल ने कहा कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक के बेहतरीन एवं कुशल नेतृत्व में निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने बेहतरीन कार्य किया है। आप लोगों की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है।

कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा, दरबारी राम ठाकुर तथा जिले के राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं सहायक एआरओ एवं तहसीलदारों के अलावा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग, जिला कोषालय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक पंचायत, जिला जनसंपर्क अधिकारी के अलावा लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता सहित जिला परिवहन अधिकारी, सहायक संचालक उद्यान, जिला खाद्य अधिकारी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े नोडल अधिकारियों एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

### अधिकारियों का सम्मान

**बालोद।** कलेक्टर चन्द्रवाल ने लोकसभा चुनाव के दौरान उत्कृष्ट कार्य संपादन के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम शीतल बंसल, शिवनाथ बघेल, सुरेश साहू सहित सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी सहित जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स विजय देवांगन, नंद किशोर यादव, सीडी मानिकपुरी, षडेन्द्र देशमुख सहित विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी, गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

# भाजपाइयों ने फूंका राहुल का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भाजपा, आरएसएस और हिन्दुओं को हिंसक कहे जाने का आरोप लगाते हुए भाजपाइयों ने इसका कड़ा विरोध किया है।

संसद में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह व अन्य सांसदों के भारी विरोध बाद अब देश के कई हिस्सों में बजरंग दल व बीजेपी कार्यकर्ता बेहद गुस्से में हैं। इसी तरह डौंडी मुख्य सड़क मार्ग पर डौंडी ब्लाक भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपाइयों ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा संसद भवन में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए हिन्दुओं को हिंसक कहा है, जो बर्दाश्त योग्य नहीं है।

पुतला दहन के दौरान मंडल के अध्यक्ष मनीष झा, नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, मंडल के महामंत्री अजय चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव मानकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ रुपेश नायक, मातरम दास कोशरे, निलेश जैसवाल, राजेन्द्र पिन्टू जैन, नरेंद्र जैसवाल, दीपक जायसवाल, लक्ष्मण चक्रधारी,, रजनी जैसवाल, पुनम जैन, रिंकू मरकाम, ईश्वर चक्रधारी, शिवम्‌ दुबे, संतोष जैन प्रींस भारद्वाज एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।




# सेवानिवृत्त प्रधानपाठक मंडावी को दी गई विदाई


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्राथमिक शाला हितेकसा में पदस्थ प्रधानपाठक विजय कुमार मंडावी के 31 मई को सेवानिवृत्त हो गए। मंगलवार को मिडिल स्कूल प्रांगण में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन कर विदाई दी गई।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक विजय कुमार मंडावी ने कहा कि 12 वर्ष की सेवा काल में मुझसे यदि कोई गलती हुई होगी, उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं। सेवा काल में सभी का पूरा सहयोग मिला है। उन्होंने प्राथमिक शाला के विकास के लिए ने 25 हजार रुपये नकद प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरपंच भूपेश कुमार हिरवानी ने कहा कि सदमार्ग में सत्संग सिखाने वाले शिक्षक का हमेशा सम्मान किया जाता है। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक मोहित कुमार चुरेन्द्र, पीटीआई धानापुरी नरेन्द्र कुमार ठाकुर, धनसिंग साहू भी विशेष रूप से उपस्थित थे। शाला प्रबंधन समिति ने श्री मंडावी को भगवान शिव की प्रतिमा भेंट की। ग्राम विकास समिति, ग्राम पंचायत एवं शिक्षकों के साथ ही ग्रामीणों ने भी श्री मंडावी को प्रतीक चिन्ह, शॉल, श्रीफल के अलाव विभिन्न भेंट प्रदान किए। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश साहू, ऋषि कुमार, अनुरुद्ध दास नवरंगा, उपेंद्र कुमार वर्मा, शैलेन्द्र कुमार मगर, डिकेन्द्र कुमार करियाम, शाला प्रबंधन अध्यक्ष यशोदा बाई, योगेश्वरी साहू, ताणी साहू, जान्हवी सिन्द्राम, दीक्षा मंडावी, मुक्ति साहू, साक्षी साहू एवं प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के बच्चे शामिल थे।





## खबर संक्षेप



### स्काउट-गाइड एडवेंचर कैंप में शामिल हुए भेड़िया नवागाँव के बच्चे

**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेड़िया नवागाँव के स्कूली बच्चों ने 26 से 30 जून तक आयोजित 5 दिवसीय नेशनल यूथ फोरम स्काउट गाईड एडवेंचर कैंप कोरबा एवं पंचमढ़ी में भाग लिया। साथ ही नेशनल यूथ फोरम कोरबा बौद्धिक विकास की जानकारी एवं पंचमढ़ी में साहसिक कार्य पर जोर दिया गया। इस अवसर पर स्काउट प्रभारी गायत्री साहू एवं जिला सचिव केएल गजेन्द्र डीओसी प्रेमलता चन्द्राकर के साथ ही विकासखंड सचिव रुपेन्द्र सिन्हा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य कामेश्वर सिंह एवं संस्था के सभी शिक्षकों ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी।

### विश्व हिंदू महासंघ की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई का हुआ गठन


**बालोद।** विश्व हिंदू महासंघ (भारत) की गोरखपुर उत्तरप्रदेश के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई की प्रदेश कार्यालय सुरेश्वर महादेव मंदिर खम्हारडीह रायपुर में राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ व छग प्रदेश संयोजक भारत योगी व



प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर स्वामी राजेश्वरानंद महाराज व महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष किन्नर अखाड़ा छग साध्वी सौम्या व प्रदेश उपाध्यक्ष भगत क़ायम सिंह व प्रदेश सचिव संत आजीवन निराहार बाबा गौतमानंद व प्रदेश प्रवक्ता रुपेश महाराज के आदेशानुसार बालोद क्षेत्र के समाजसेवी राजेश चोपड़ा को बालोद जिला संयोजक विश्व हिन्दू महासंघ (भारत) के पद पर नियुक्त किया गया है। राजेश चोपड़ा ने अपनी नियुक्ति के संबंध मे बताया कि धर्म की रक्षा ही अपनी सुरक्षा है। सनातन धर्म की रक्षा के साथ धर्म की आन-बान-शान को बनाये रखना मेरा प्रथम दायित्त्व है।

### तालाब को लीज पर देने में फर्जीवाड़ा का आरोप

**बालोद।** जिले के गुरूर ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत कंवर में तालाब को लीज पर देने के नाम पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायत सरपंच, ग्राम के एक नेता व एक ग्रामीण व्यक्ति पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई



की मांग कलेक्टर से की है। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत कंवर द्वारा तालाबों को लीज पर देने के लिए किसी भी तरह से मुनियादी या कोई सूचना पंचायत द्वारा जारी नहीं की गई। वहीं, पंचायत द्वारा अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए तालाबों की गुप्त तरीके से बिक्री कर दी गई। ग्राम के लखन लाल ढीमर ने ग्राम पंचायत सरपंच कुछ अन्य व्यक्तियों पर तालाब को लीज पर देने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है और उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

### राज्य खेल अलंकरण के लिए 10 तक कर सकते हैं आवेदन

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा दिए जाने वाले राज्य खेल अलंकरण के लिए पात्र खिलाड़ी वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 के लिए अब 10 जुलाई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों को अलग–अलग वर्षों के लिए अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रें का प्रारूप विभाग की वेबसाइट स्पोर्ट्सवायडब्ल्यू डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पूर्व में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2024 तक निर्धारित की गई थी, जिसे संशोधित करते हुए अब खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप में 10 जुलाई तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जी.ई. रोड, रायपुर या कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं।

## जागरुकता : एक जुलाई से देशभर में लागू हुए तीन नए कानून

# जामगांव आर थाने में दी गई नए कानूनों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर



आरक्षी केंद्र जामगांव आर परिसर में सोमवार को टीआई अम्बिका प्रसाद ध्रुव के मार्गदर्शन में नए कानूनों के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में नवपदस्थ नायब तहसीलदार ममता टावरी, अभियोजक शाखा से लता विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यशाला में जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, कांग्रेस जिला महामंत्री रूपेंद्र शुक्ला, भाजपा मंडल पूर्व कोषाध्यक्ष एवं व्यापारी संघ जामगांव आर अध्यक्ष नरेश केला, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्रि मंडावी, महिला बाल विकास सभापति बिमला कोसरे, जनपद सदस्य रूपचंद साहू, जनपद सदस्य झरना साहू, सरपंच राजकुमार ठाकुर, बटरेल सरपंच अभय ठाकुर, बेलहरी सरपंच जीतेश्वरी महमल्ला, उपसरपंच मनीष चंद्राकर मंचासिन रहे। उपनिरीक्षक प्रताप सिंह ठाकुर ने नवीन कानून पर व्यापक प्रकाश डाला और विश्वास दिलाया कि नवीन कानून का भरपूर लाभ देने में पुलिस महती भूमिका निभाएंगी।

भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि अंग्रेजों के समय से चल रहे कानून भारतीयों के अनुकूल नहीं था। आज समय के अनुसार भारत के अनुकूल केंद्र सरकार ने कानून बनाने जो कदम उठाए वह काबिले तारीफ है। वहीं, कांग्रेस नेता रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि अंग्रेजों के समय बने कानून अनुपयोगी हो गए थे, जिन्हें बदलना और जनता को लाभान्वित करना जिम्मेदार लोगों का काम है। उन्होंने कहा कि आमजनता नए कानून को समझें, पुराने कानून की धाराओं को याद कर उलझे नहीं। कार्यक्रम को बेलहारी उपसरपंच मनीष चंद्राकर, भाजपा नेता नरेश केला ने भी संबोधित किया।

बटरेल सरपंच अभयराम ठाकुर, कुम्हली सरपंच डोमार साहू, उप सरपंच धनेश साहू, सरोज साव, अंगेश्वर साहू, मेघनाथ सागरवंशी, अरुण चंद्राकर, मुकेश शुक्ला, सुरेश जैन, सरोज साव सहित पुलिस स्टाफ कोटवार समूह उपस्थित रहे। संचालन जयप्रकाश साहू एवं राजीव दुबे ने किया।

### नए कानून के संबंध में जिला जेल बालोद में हुई कार्यशाला



**बालोद।** प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्याम लाल नवरत्न के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से देशभर में लागू तीन नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के प्रावधानों से अभिरक्षाधीन बंदियों को अवगत कराने के लिए जिला जेल बालोद में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव श्वेता उपाध्याय गौर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एमआर कुरैशी, पेनल अधिवक्ता बालोद अखिलेश्वरनाथ योगी, पेनल अधिवक्ता बालोद पंकज राजपूत थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता उपाध्याय गौर ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के प्रावधानों के बारे में बताते हुए नवीन कानून के तहत पुलिस अधिकारियों द्वारा विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन जप्ती कार्यवाही के समय वीडियोग्राफी का प्रावधान सम्मिलित किया जाना बताया गया।

उन्होंने कहा कि प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए नए कानूनों में समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके साथ ही पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न प्रावधान किये गये हैं। अधिवक्ता एम.आर कुरैशी ने कहा कि नए कानून न्याय और नागरिकों की सुरक्षा के लिये लाए गए हैं। अधिवक्ता अखिलेश्वरनाथ योगी ने बताया गया कि पुराने कानूनों में कुछ में संशोधन किए हैं।

अधिवक्ता पंकज राजपूत द्वारा मॉब लिंचिंग, राजद्रोह, कम्युनिटी सर्विस के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक जिला जेल बालोद एस. शोभा रानी, जेल के स्टॉफ एवं पैरालीगल वालंटियर दीपक कुमार उपस्थित रहे।

### नए कानूनों की जानकारी देने अर्जुंदा में हुई कार्यशाला

**बालोद।** सन 1860 में अंग्रेजों द्वारा अपने आदेशों को पालन करने के उद्देश्य से जो कानून बनाए गए थे, उन्हें हटाकर अब भारत में नवीन कानून लागू किया जा रहा है। इस संबंध में थाना अर्जुंदा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक कुंवर सिंह निषाद सम्मिलित हुए। थाना प्रभारी मनीष शेन्डे ने पुराने एवं नवीन कानूनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी का समावेश, पीड़ित केद्रित दृष्टिकोण, अपराध एवं दंड को पुनर्परिभाषित किया गया है। समय पर और शीघ्रन्याय, आपराधिक



न्याय प्रणाली में परिवर्तन, इसके अलावा ई अपराध पंजीयन के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आप कहीं से भी या अपने मोबाइल से अपराध पंजीबद्ध कर सकते हैं जो कि शून्य होगा, ठीक उसके पश्चात पुलिस द्वारा उसमें जांच कर अपराध कायम किया जाएगा। साथ ही नागरिकों से अपराध के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया गया। कार्यशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुषमा चद्राकर, तहसीलदार प्रीतम साहू, जीतू विश्वास गुप्ता, मोहित मेश्राम, सरपंच मंगल साहू, सरपंच संतोषी सिन्हा, सरपंच अहेल्या चुरेंद्र, ललिता भुआर्य, कमलेश्वरी यादव, हिरमौतीन बघेल, अंजू पटिल, सुशीला देवांगन, अंगद देवदास, एवं आसपास के बहुत से नगरिकगण व ग्राम कोतवाल उपस्थित थे।

### गुण्डरदेही में नए कानूनों के संबंध में दी गई जानकारी

**गुण्डरदेही।** थाना गुण्डरदेही में 1 जुलाई को सम्पूर्ण भारत में लागू हुए तीन नए आपराधिक क़ानून बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए के संबंध में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, कोटवारों तथा पत्रकारों




एवं ग्रामीणों को जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर थाना परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू, प्रमोद जैन, हेमंत सोनकर, केके राजु चन्द्राकर, सरपंच नविता साहू, गौरी ठाकुर, थाना प्रभारी वीणा यादव व स्टाफ सहित बड़ी संख्या मे आस पास के ग्रामीणजन, नगरवासी, कोटवार उपस्थित थे।

# पहले पदोन्नति फिर युक्तियुक्तकरण की नीति का निर्धारण करें : राधेश्याम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के अनुसार सभी शिक्षक संवर्ग के पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही करना विद्यार्थी हित में है। मार्च 2020 की स्थिति में प्राचार्य के 2820 पद रिक्त थे।



सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप आँकडा और अधिक हो गया है। टी-संवर्ग में 2013 एवं ई-संवर्ग में 2016 से प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुआ है। तकरीबन यही हाल व्याख्याता के रिक्त रहे 9622 पदों का है। जो कि सेवानिवृत्ति के कारण और अधिक हो गया है। प्रधानपाठक मिडिल स्कूल के 5715,शिक्षक के 15969 एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला के 20678 रिक्त पदों पर कमोबेश यही स्थिति है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू का कहना है कि अध्ययन एवं अध्यापन की गुणवत्ता के लिए प्राथमिक,माध्यमिक,हाई तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में कक्षावार दर्ज संख्या के अनुसार विषय शिक्षकों की पदस्थापना आवश्यक है। अतः शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के बाद ही युक्तियुक्तकरण करना उचित होगा। उन्होंने बताया कि पदोन्नति के पश्चात ही शालावार अतिशेष शिक्षकों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना चाहिये। अन्यथा अनेक विद्यालय विषय शिक्षक/शिक्षक विहीन हो जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में 5 कक्षा एवं 4 विषय,पूर्व माध्यमिक में 3 कक्षा एवं 6 विषय,हाई स्कूल में 2 कक्षा एवं 6 विषय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त कॉमर्स संकाय के 3 विषय,कला संकाय के 3 विषय,गणित/बायलॉजी के 3 विषय के 5 कक्षाओं में अध्यापन होता है।जो कि संकाय अनुसार न्यूनतम है। कक्षाओं की संख्या दर्ज संख्या पर निर्भर होता है। फेडरेशन का कहना है कि छात्रहित के दृष्टिगत स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों का निर्धारण पदोन्नति से पदस्थापना करने के बाद किया जाना चाहिए।पहले पदोन्नति फिर युक्तियुक्तकरण का नीति निर्धारण होना शिक्षक एवं शिक्षार्थी हित में होगा।

# पीएम श्री प्राथमिक शाला जगतरा में मना पढ़ई तिहार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

पीएम श्री प्राथमिक शाला जगतरा में अंगना म शिक्षा के तहत पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चों की माताएं शामिल हुईं। इसके लिए कक्षा पहली व दूसरी के बच्चों की माताओं को आमंत्रण यानी स्पोर्ट कार्ड दिया गया था।

इस दौरान बच्चों को विविध गतिविधियां करवाकर बच्चों का मूल्यांकन माताओं द्वारा किया गया। वहीं, मास्टर ट्रेनर अन्नपूर्णा मंडावी ने खेल गतिविधियों के आधार पर बेस्ट माता का चयन किया। अंगना मं शिक्षा के तहत स्कूल में शिक्षकों ने माताओं को कई विषयों पर जानकारी दी गई। बच्चों को घर में रहकर घर पर उपलब्ध सामग्री जैसे टमाटर, आलू, प्याज, भिंडी, पत्तियों, सब्जियों को रखकर भिंडी हरा, टमाटर लाल, पहचान कर नाम बताना, रंगों की पहचान करना, अक्षर पहचान, चित्रों में रंग भरना, अँगना म शिक्षा का उद्देश्य स्कूल के अलावा कक्षा पहली, दूसरी के बच्चों की माताओं द्वारा घर में ही बच्चों को शिक्षा देना बताया गया।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अन्नपूर्णा मंडावी, प्रधान पाठक खेमलता ठाकुर, अनुपमा चौबे, संगीता तिवारी, पदमनी साहू सहित बच्चे एवं माताएं उपस्थित थे।



# सेवानिवृत्त प्रधानपाठक रामटेके को दी गई विदाई

**अर्जुन्दा।** शासकीय प्राथमिक शाला भिलाई के सेवानिवृत्त प्रधानपाठक यमुना रामटेके को संकुलस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कर शासकीय हायर सेकेंडरी भिलाई में विदाई दी गई।




कार्यक्रम में श्री रामटेके के साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुंडरदेही जिला बालोद नवीन कुमार यादव उपस्थित थे। विशेष अतिथि एबीईओ गुंडरदेही श्रद्धा ठाकुर, विकासखंड स्रोत समन्वयक गुंडरदेही केके साहू थे। कार्यक्रम की शुरुआत शाला परिसर में अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर की गई। साथ ही हायर सेकेंडरी शाला भिलाई में 10 वीं और 12 वीं के सर्वोच्च अंक प्राप्त 3 प्रतिभावान बच्चों को संस्था प्रमुख द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक के लिए अभिनंदन पत्र का वाचन कर भेंट दिए गए। समारोह की अध्यक्षता संकुल प्रभारी प्राचार्य के. लता वेणुगोपाल ने की। आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक वी.देवांगन ने किया। समारोह में विशेष रूप से पूर्व जनपद सभापति गुण्डरदेही और मंडल किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष ओंकार प्रसाद सिन्हा, पूर्व सरपंच तोरण पारकर, एसएमडीसी सदस्य हायर सेकंडरी भिलाई माखन साहू, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला चीचा डी. डी. देशमुख, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला गोरकापार अमिता नायक, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला तिलखैरी दुलेश देवांगन, प्रधान पाठक शा. पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई राधेलाल बंजारे, पीएल देशमुख, ओपी देवांगन भिलाई, ओपी चंद्राकर, रेणुका साहू, देवदास मैडम, ज्योति साहू, राजेंद्र गुप्ता, महिपाल, शैलजा देशमुख, कविता देशमुख, एचएल गायकवाड़, दत्ता, चंद्राकर, देवांगन, योगेन्द्र यादव, क्लर्क संध्या, जीतेश यादव, वरिष्ठ क्लर्क ठाकुर अन्य शिक्षक, समस्त संकुल शाला परिवार उपस्थित थे।

# जून में 127 जगहों पर छापा, 53 लीटर शराब जब्त

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बालोद जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जून माह में जिले में कुल 127 जगहों में छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 87 प्रकरण दर्ज कर कुल 52.86 लीटर मदिरा एवं 01 वाहन जब्त की गई है। जिसमें सार्वजनिक स्थलों में मदिरापान के 67 प्रकरण, गुमटी, होटल, ढाबों में अवैध रूप से मदिरा पिलाने के 12 प्रकरण, मदिरा कोचियों के विरुद्ध कार्रवाई के 08 प्रकरण तथा जेल दाखिल के 01 प्रकरण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों पर प्रभावी नियंत्रण करने आबकारी अमले द्वारा सघन गश्त एवं छापे की कार्रवाई की जा रही है। जिले में संचालित मदिरा दुकानों का नियमित रुप से औचक निरीक्षण एवं जांच कर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## कैवल्यधाम में संत महेंद्र सागर जी महाराज ने दिया प्रवचन

# धर्म को कर्म में पिरोएं, जीवन सार्थक बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

असाध्य अस्वस्थता की अवधि में गुरु दर्शन के प्यासे मन को मनवांछित ढंग से संत दर्शन करने का सौभाग्य मिल जाए, तो जीवन का अंतिम सत्य मृत्यु का आलिंगन हंसते हंसते करने का संबल मिल जाता है।

इसी तरह का एक वाकया सोमवार को कैवल्यधाम में आध्यात्म योगी विद्वान संत महेंद्र सागर जी महाराज साहब के सम्मुख हाथ जोड़कर विनती की मुद्रा में विराजित 89 वर्षीय धर्म निष्ठ अदम्य साहस की धनी मातु श्री में देखने को मिला। गुरु सानिध्य में आध्यात्मिक चर्चा कर रहे हमारे प्रतिनिधि आसकरण जैन ने इस दृश्य और वाकये को जन मानस के लिए पिरोया।

विद्वान संत श्री महेंद्र सागर जी महाराज साहब और युवा मनीषी विद्वान संत मनीष सागर जी ने



सारगर्वित धर्म चर्चा में कहा कि संसार सागर को पार करने और मुक्ति पथ को प्राप्त करने के लिए धर्म आराधना करना आत्मसात कर कर्मों में पिरोना दिनचर्या का अभिन्न अंग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म को ताक पर रखकर कमाया और व्यय किए जाने वाला धन कर्मों का बंध बढ़ाती है, जिसका भुगतान अनेकों जन्मों तक पीछा नहीं छोड़ता। संत श्री ने कहा कि वर्तमान में निःस्वार्थ सेवा भाव वालों की संख्या तेजी से गिरते दिख रही है, समाज को मजबूत दिशा देने में लोगो की इस कमी के कारण नई पीढ़ी को संस्कार का पोषक तत्व वांछित ढंग से नहीं मिल पा रहा है। पहल करने एक एक कर कदम उठाकर कारवां बन जाना सबके हित में होगा।

### सेवाभावी बेटा बहु ने मां को कराए गुरु भगवंतो का दर्शन

असाध्य अस्वस्थता के कारण घर पर सेवा जतन की सलाह डाक्टर से प्राप्त होने पर मुंबई से कवर्धा लौट रहे, सेवा भावी बेटा बहु अपनी मां की इच्छा अनुसार सोमवार सवा 3 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन में उतरने के बाद सीधे कैवल्य धाम पहुंचे और गुरु भगवंतो का दर्शन लाभ लिया। स्तवन और मांगलिक श्रवण कर लाभान्वित हुए। फिर सीधे कवर्धा के लिए प्रस्थान किए। इस अवसर पर जामगांव आर जैन श्री संघ परिवार आसकरण गोलछा, निर्मला गोलछा, डॉ डालचंद जैन, अंकिता जैन, कवर्धा जैन, श्री संघ परिवार से मातु श्री सायर देवी मोदी, नरेश मोदी, साधना मोदी, अमित जैन सहित अन्य धर्म प्रेमियों ने संत समागम का दर्शन वंदन धर्म चर्चा लाभ लिए।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, ब्रेमदी, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है